सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 202 | इंदौर, गुरुवार 05 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

CG में 'लाल आतंक' पर प्रहार

## पुलिस और माओवादियों के बीच भीषण एनकाउंटर

● बीजापुर में नक्सली ढेर; ऑपरेशन जारी



**बीजापुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टी की। जिले के दक्षिणी हिस्से के जंगल में सुबह 7:30 बजे यह फायरिंग शुरू हुई, जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम एंटी-नक्सल ऑपरेशन पर निकली थी। एक अधिकारी के अनुसार फायरिंग का सिलसिला अभी भी जारी है। अब तक मुठभेड़ स्थल से एक नक्सली का शव और एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी ऑपरेशन समाप्त होने के बाद साझा की जाएगी। इस कार्रवाई के साथ, इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम 23 माओवादी मारे जा चुके हैं। इससे पहले, तीन जनवरी को बस्तर क्षेत्र में दो मुठभेड़ों में 14 माओवादी ढेर किए गए थे। बस्तर क्षेत्र में सात जिले आते हैं, जिनमें बीजापुर भी शामिल है। पिछले साल, छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ों में कुल 285 माओवादी मारे गए थे। केंद्र ने इस साल 31 मार्च तक देश से लेफ्ट-विंग एक्सट्रीमिज्म को समाप्त करने की समयसीमा निर्धारित की है।

## पहाड़ों पर हिमपात और बारिश, मैदानी इलाकों में ठंडी हवाओं से बढ़ी कंपकंपी

दिल्ली-एनसीआर में सर्द-गर्म

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के मौसम पर एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ और मजबूत उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम का संयुक्त प्रभाव साफ दिखाई देने लगा है। मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 5 और 6 फरवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। वहीं दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में घना कोहरा और तेज ठंडी हवाएं लोगों को सामान्य तापमान के बावजूद ज्यादा ठंड का अहसास करा रही हैं। दक्षिण भारत के कुछ तटीय क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम बारिश के संकेत मिल रहे हैं।

दिल्ली में सीएम की मंत्रियों से अहम बैठकें

# धान-गेहूं खरीदी से लेकर कपड़ा उद्योग तक हुई चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्र सरकार के दो वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात कर राज्य से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती से उठाया। इन बैठकों में एक ओर धान-गेहूं खरीदी और किसानों के हितों पर चर्चा हुई, तो दूसरी ओर कपड़ा उद्योग से जुड़े लंबित प्रस्तावों पर शीघ्र निर्णय का आग्रह किया गया।**

### धान-गेहूं खरीदी पर केंद्र से सहयोग की मांग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद भवन परिसर में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की। बैठक में राज्य के किसानों के लिए धान और गेहूं की समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदी, उपार्जन प्रक्रिया की सुचारु व्यवस्था और इससे जुड़े प्रशासनिक व वित्तीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।



### केंद्र सरकार का सहयोग आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिलना चाहिए और खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए केंद्र सरकार का सहयोग आवश्यक है। बैठक को इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि पूर्व में राज्य सरकार ने धान-गेहूं उपार्जन को लेकर वित्तीय दबाव का हवाला देते हुए केंद्र से सीधी खरीदी व्यवस्था पर विचार करने की मांग की थी। बैठक में वरिष्ठ केंद्र और राज्य अधिकारी भी मौजूद रहे। दोनों पक्षों ने आगामी खरीदी सत्र के लिए बेहतर रणनीति और केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने पर सहमति जताई।

### कपड़ा उद्योग को गति देने पर जोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्योग भवन में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की। इस दौरान मध्य प्रदेश से जुड़े वस्त्र विभाग के लंबित प्रस्तावों, नीतिगत अड़चनों और निवेश से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हित में लंबित मामलों पर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। बैठक में केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव सहित मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। माना जा रहा है कि इस बैठक से प्रदेश के कपड़ा उद्योग, टेक्सटाइल पार्क और निवेश से जुड़े मामलों को गति मिलेगी।

### 8 चीते मध्यप्रदेश लाए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में पर्यटन विकास, वन्यजीव संरक्षण और रिजर्व फॉरेस्ट के विस्तार पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि 28 फरवरी को बोत्सवाना से 8 चीते मध्यप्रदेश लाए जाएंगे, और केंद्रीय मंत्रालय इस प्रक्रिया में पूरा सहयोग करेगा। इसके अलावा, असम से जंगली भैंसे भी मध्यप्रदेश लाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने दिल्ली प्रवास के दौरान कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की है।

### विकास और निवेश पर केंद्रित रणनीति

दिल्ली में हुई इन बैठकों को मुख्यमंत्री की सक्रिय पहल के रूप में देखा जा रहा है। सरकार का फोकस एक ओर किसानों को मजबूत आर्थिक सुरक्षा देने पर है, वहीं दूसरी ओर औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर। आने वाले समय में इन बैठकों के ठोस नतीजे सामने आने की उम्मीद है।

ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए बड़ा कदम

# रॉन्ग साइड चलने पर अब दर्ज होगी एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में लगातार बिगड़ती जा रही ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस प्रशासन अब और अधिक सख्त कदम उठाने जा रहा है। अब तक रॉन्ग साइड वाहन चलाने या वनवे नियमों का पालन न करने पर केवल चालानी कार्रवाई होती थी। अब ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज की जाएगी। यह व्यवस्था दिल्ली पुलिस की तर्ज पर लागू की जा रही है ताकि सड़क हादसों पर लगाम लगाई जा सके। साथ ही आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। दरअसल, रॉन्ग साइड वाहन चलाने और वनवे में घुसने की घटनाओं के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई बार लोगों की जान भी चली जाती है। इसी को देखते हुए इंदौर



पुलिस ने सख्त रूख अपनाने का निर्णय लिया है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पहले चरण में शहर के 42 घोषित वनवे मार्गों पर यह कार्रवाई लागू की जाएगी। इन मार्गों पर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अब सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी। इंदौर पुलिस का कहना है कि नए भारतीय न्याय संहिता के तहत रॉन्ग साइड वाहन चलाना अब आपराधिक श्रेणी में आता है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई पहले भी की जा चुकी है और आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग रॉन्ग साइड या लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दूसरों की जान खतरे में डालते हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसके साथ ही ऐसे वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कराने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी ताकि लोग इस तरह के कृत्य न कर सकें। कई ऐसे इलाके और सड़कें हैं, जिन्हें वनवे घोषित किया गया है लेकिन समय के साथ वहां नियमों का पालन कम हो गया है। इसी को लेकर हाल ही में चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने भी पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की थी। ट्रैफिक पुलिस दुकानदारों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों जैसे सभी स्टेकहोल्डर्स से लगातार चर्चा कर रही है ताकि तय किए गए मार्गों और पाथवे का सही तरीके से पालन कराया जा सके।

**कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में श्री गणपति मंदिर प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न**

# आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा

● **खजराना गणेश मंदिर परिसर में जी प्लस टू का अत्याधुनिक सुविधा केन्द्र बनेगा**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में श्री गणपति मंदिर खजराना प्रबन्ध समिति द्वारा आगामी महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर बैठक आज संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने श्री गणपति मंदिर खजराना प्रबंधन समिति द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों एवं गतिविधियों का अवलोकन किया। बैठक में बताया गया कि आगामी 15 फरवरी को श्री गणपति मंदिर खजराना प्रबन्ध समिति द्वारा महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा-भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जायेगा। 15 फरवरी को प्रातः 9 बजे शिव महारूद्राभिषेक के साथ आरती का कार्यक्रम होगा। महोत्सव में भगवान शिव को साबुदाने की खिचड़ी और खीर की प्रसादी का भोग लगाया जायेगा। इसेक बाद सभी भक्तों को प्रसादी का वितरण किया जायेगा। महाकाल मंदिर व मुख्य मंदिरों का श्रृंगार फूलों से किया जायेगा। साथ ही विद्युत की लड़ियों से आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी। मंदिर परिसर में दानदाताओं और एवं समाजसेवियों के सहयोग से सैकड़ों किलों प्रसादी का निर्माण होगा। जिसकी तैयारियां की जा रही है। बैठक में पार्किंग स्थल को विस्तारित करने और अन्न क्षेत्र को विस्तारित करने, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही अन्न क्षेत्र में उपयोग में आने वाले बरतनों की संख्या बढ़ाने और परोसगारी करने वालों की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर श्री वर्मा ने संपूर्ण मंदिर परिसर का अवलोकन किया। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, आई.डी.ए. अध्यक्ष डॉ. अभिजीत झाड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती निशा डामर, पंडित अशोक भट्ट, पंडित विनीत भट्ट सहित समाजसेवी एवं समिति के सदस्य उपस्थित शामिल हुए। बैठक में थ्रीडी प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि खजराना गणेश मंदिर स्थित प्रसाद दुकानों के पीछे पड़ी खुली भूमि पर अत्याधुनिक जी प्लस 2 का सुविधा केन्द्र बनाना प्रस्तावित है। इस केन्द्र में बच्चों के लिये किड्स झोन, दुकानें, लायब्रेरी, पार्किंग, आदि सुविधाएं होंगी। बैठक में बताया गया कि खजराना गणेश मंदिर स्थित अन्न क्षेत्र में निर्मित भोजन प्रसादी को एमवायएच के अलावा अन्य अस्पतालों में भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# वकील को ब्लैकमेल कर 10 लाख मांगे

● **पत्नी से सुलह कराने का केस लेकर मिला था आरोपी**

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक वकील को ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपए की मांग करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को एक महिला और उसके दो साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा पुलिस ने नवनीत शर्मा निवासी प्रीमियम पैराडाइज की शिकायत पर साक्षी सेन, उसके साथी सागर और ओम विश्वकर्मा के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है।

**ऐसे शुरू हुआ मामला-** शिकायतकर्ता नवनीत शर्मा ने पुलिस को बताया कि वे पेशे से वकील हैं। 29 जनवरी को उनके पास राजकुमार सेन आया था, जिसने बताया कि उसका अपनी पत्नी साक्षी सेन से विवाद चल रहा है और वह दोनों के बीच समझौता करना चाहता है। इस दौरान उसने अपनी पत्नी से जुड़े कुछ कथित अश्लील फोटो-वीडियो भी दिखाए।

इसके बाद साक्षी सेन अपनी एक सहेली के साथ वकील के कार्यालय पहुंची। उसने बताया कि पति के कहने पर उसने दो युवकों के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवा दिया है, जबकि दोनों निर्दोष हैं। उसने उन युवकों को मामले से बाहर निकालने की प्रक्रिया और फीस की जानकारी ली और चली गई। शिकायत के मुताबिक 31 जनवरी को साक्षी सेन ने वकील को कॉल कर उनके मोबाइल में मौजूद फोटो-वीडियो डिलीट करने को कहा और ऐसा न करने पर रेप के केस में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद साक्षी ने अपना मोबाइल सागर को दे दिया। आरोप है कि सागर ने समाज में बदनाम करने की धमकी देते हुए वकील से 10 लाख रुपए की मांग की। वहीं, ओम विश्वकर्मा ने दावा किया कि वे पहले भी इस तरह कई लोगों को फंसा चुके हैं और यदि बचना है तो पैसे देने होंगे। वकील के अनुसार आरोपी लगातार दो दिन तक फोन कर धमकाते रहे। मानसिक रूप से परेशान होकर नवनीत शर्मा मंगलवार को बाणगंगा थाने पहुंचे और पुलिस को मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग सुनाई। पूरे घटनाक्रम की जानकारी देने के बाद पुलिस ने महिला सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस का कहना है कि मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**B3 ने सजाया जोरदार स्टैंडअप कॉमेडी का मंच**

# Subbu Yaar की देसी शुरुआत और हर्ष गुजराल ने लगाए ठहाकों के फव्वारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर में हंसी, मनोरंजन और ऊर्जा से भरी एक शानदार शाम उस वक्त देखने को मिली, जब B3 द्वारा जोरदार स्टैंडअप कॉमेडी शो का भव्य मंच सजाया गया। यह कार्यक्रम न केवल कॉमेडी प्रेमियों के लिए खास रहा, बल्कि इंदौर के युवाओं के बीच भी चर्चा का बड़ा विषय बना। शानदार लाइटिंग, बेहतरीन साउंड सिस्टम और प्रोफेशनल स्टेज सेटअप ने पूरे आयोजन को एक बड़े स्तर का शो बना दिया।**




कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे, जिनमें युवा, कॉलेज स्टूडेंट्स और परिवार शामिल रहे। जैसे ही मंच की लाइटें जलीं और माइक ऑन हुआ, पूरा हॉल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। B3 की ओर से किए गए इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि इंदौर में लाइव एंटरटेनमेंट और स्टैंडअप कॉमेडी का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत Subbu Yaar ने की, जिन्होंने अपने देसी और जमीनी अंदाज से दर्शकों को शुरुआत से ही हंसने पर मजबूर कर दिया। Subbu Yaar ने अपनी स्टैंडअप कॉमेडी की शुरुआत इंदौर से जुड़े मजेदार अनुभवों और स्थानीय किस्सों से की। उन्होंने शहर की कॉलोनियों, इलाकों और वहां रहने वाले लोगों की सोच पर हल्का-फुल्का लेकिन सटीक व्यंग्य किया।

Subbu Yaar ने कहा, "इंदौर में भामोरी पर रहने वाला भी बड़े कॉन्फिडेंस के साथ बोलता है कि मैं तो विजय नगर पर रहता हूं।"

इस एक लाइन पर पूरा हॉल ठहाकों से गूंज उठा। दर्शकों को लगा जैसे कोई उनकी रोजमर्रा की जिंदगी की ही बात कर रहा हो। यही Subbu Yaar की सबसे बड़ी ताकत रही—स्थानीय मुद्दों को हास्य के साथ पेश करना।

उन्होंने इंदौर के खान-पान, लोगों की आदतों, मोहल्लों की पहचान और बोलचाल की भाषा को अपने कंटेंट में इस तरह पिरोया कि हर उम्र का दर्शक उससे खुद को जोड़ पाया। Subbu Yaar की कॉमिक टाइमिंग, मंच पर आत्मविश्वास और ऑडियंस से सीधा संवाद कार्यक्रम को एक मजबूत और यादगार शुरुआत देने में सफल रहा।

Subbu Yaar के बाद मंच पर आए मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन हर्ष गुजराल, जिन्होंने इस महफिल में सचमुच चार चांद लगा दिए। जैसे ही हर्ष गुजराल मंच पर पहुंचे, दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने अपने खास अंदाज में रिश्तों, दोस्ती, परिवार, कॉलेज लाइफ और युवाओं की सोच पर मजेदार टिप्पणियां कीं। हर्ष गुजराल की खास बात यह रही कि उन्होंने आम जिंदगी की परेशानियों और सच्चाइयों को हास्य के जरिये इस तरह पेश किया कि लोग हंसते-हंसते खुद को पहचानने लगे। कभी दोस्ती पर तंज, कभी रिश्तों की उलझनें, तो कभी युवाओं की सोच—हर विषय पर उनकी पकड़ साफ़ नज़र आई। उनकी हर पंचलाइन पर पूरा हॉल तालियों और ठहाकों से गूंज उठता। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों का उत्साह लगातार बना रहा। शो के अंत में दोनों कलाकारों के लिए दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई, जो इस आयोजन की बड़ी सफलता को दर्शाता है।

B3 द्वारा आयोजित यह स्टैंडअप कॉमेडी शो न सिर्फ मनोरंजन से भरपूर रहा, बल्कि इंदौर के सांस्कृतिक और मनोरंजन जगत में एक यादगार आयोजन बनकर उभरा। यह शाम इस बात का सबूत बनी कि इंदौर अब केवल स्वाद और व्यापार का शहर ही नहीं, बल्कि शानदार हास्य, टैलेंट और लाइव एंटरटेनमेंट का भी बड़ा केंद्र बनता जा रहा है।

# संस्कृति विभाग द्वारा उस्ताद अमीर खां की स्मृति में दो दिवसीय "राग अमीर" संगीत समारोह का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन इन्दौर के सहयोग से पद्मभूषण उस्ताद अमीर ख़ाँ की स्मृति में प्रतिष्ठापूर्ण 'राग अमीर' संगीत समारोह का शुभारम्भ जाल सभागृह, इन्दौर में बुधवार की शाम को हुआ। सुर एवं ताल का यह सुरमयी अनुष्ठान प्रदेश एवं देश के गुणी कलाकारों के उत्कृष्ट गायन-वादन का साक्षी बना। पहले दिन गायन एवं सितार वादन की संगीत सभाएं सजीं। भारतीय कलाओं एवं संस्कृति को नई पीढ़ी तक संचारित करने एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग का यह प्रयास इन्दौर के सुधि-श्रोताओं द्वारा सराहा गया।

समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुप्रतिष्ठित संगीतज्ञ एवं पद्मभूषण पंडित गोकुलोत्सव महाराज, विशिष्ट अतिथि इन्दौर संभागायुक्त डॉ.सुदाम खाड़े एवं गणमान्य अतिथियों में उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक श्री प्रकाश सिंह ठाकुर, उप निदेशक श्री शेखर कराड़कर, लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय — इन्दौर के प्राचार्य श्री प्रकाश कड़ोतिया एवं उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के पूर्व निदेशक श्री जयंत भिसे उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने कलाकारों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

पहली संगीत सभा इन्दौर की ही गुणी गायिका सुश्री स्मिता मोकाशी के गायन की रही। उन्होंने अपनी प्रस्तुति के लिए सायंकाल का करुण रस प्रधान राग पूरिया धनश्री का चयन किया। राग के सौंदर्य को उन्होंने विलंबित खयाल की बंदिश ''अब तो रुतमान आये हो....'' एक ताल में प्रस्तुत कर दर्शाया।

# कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत बोलीं- जहरीला पानी पीकर जान गंवा रहे लोग

**इंदौर। भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 32 मौतों को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इंदौर पहुंचकर केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने इस त्रासदी को प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सीधे तौर पर 'सिस्टम का फेल्योर' करार दिया है।**




प्रेस से चर्चा करते हुए श्रीनेत ने कहा कि एक तरफ सरकार 'विकसित भारत' के बड़े-बड़े दावे कर रही है। दूसरी तरफ देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में लोग जहरीला पानी पीकर जान गंवा रहे हैं। सरकार नागरिकों को बुनियादी जरूरत यानी साफ पानी तक मुहैया नहीं करा पा रही है, तो विकास की बातें बेमानी हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने आंकड़ों का हवाला देते हुए 'जल जीवन मिशन' की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा किया। आरोप लगाया है कि योजना के लिए आवंटित 68,000 करोड़ रुपए के बजट में से अब तक केवल 17,000 करोड़ रुपए ही खर्च किए गए हैं। सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं पर पैसा खर्च करने के बजाय सिर्फ कागजी योजनाओं में व्यस्त है। इंदौर जैसी घटनाएं नोएडा और गुजरात में भी हो चुकी हैं, लेकिन सिस्टम ने कोई सबक नहीं लिया।

## निगमायुक्त ने किया सिरपुर तालाब का निरीक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल बुधवार को निगम के अधिकारियों के साथ शहर की महत्वपूर्ण रामसर साइट सिरपुर तालाब पहुंचे। आयुक्त ने अधिकारियों से तालाब की वर्तमान स्थिति, संरक्षण के कामों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने तालाब में फैली जलकुंभी को शीघ्र हटाने, कैचमेंट एरिया को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए।**

आयुक्त ने अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई करने, सिरपुर तालाब के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने, तालाब में खाद्य सामग्री न डाली जाए इसलिए नागरिक को समझाइए देने के निर्देश दिए। साथ ही तालाब क्षेत्र एवं ग्रीन बेल्ट में किसी भी प्रकार की अवैध कॉलोनी अथवा अतिक्रमण को रोकने के लिए सूचना बोर्ड लगाए जाने के निर्देश भी दिए। आयुक्त ने सिरपुर तालाब परिसर में स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर एवं 20 एमएलडी क्षमता के एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का भी निरीक्षण किया। एसटीपी प्लांट में स्थापित स्काडा सिस्टम, लैब सहित संपूर्ण प्लांट की कार्यप्रणाली को भी देखा। उन्होंने एसटीपी परिसर एवं आसपास व्यापक पौधारोपण करने तथा प्लांट से प्राप्त ट्रीटेड वाटर का उपयोग ड्रिप सिंचाई के माध्यम से पौधों में करने के निर्देश दिए।

### एयर लिफ्ट की थी तैयारी

# मंच पर गिरी डॉक्टर ने दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन के दौरान हुआ एक दुखद हादसा अब एक शोक समाचार में बदल गया है। शनिवार को यूरोलॉजी की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस युसीकॉन-2026 में अपनी प्रस्तुति दे रही महिला चिकित्सक डॉ. त्सेरिंग (डोमा) भूटिया का निधन हो गया है। चार दिनों तक जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करने के बाद आज तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। इस घटना से चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना शनिवार की है जब डॉ. भूटिया मंच पर अपनी प्रेजेंटेशन दे रही थीं। उसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे मंच पर ही गिर गईं। वहां मौजूद डेलिगेट्स और साथी डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत सीपीआर दिया। प्राथमिक उपचार



के बाद उन्हें तत्काल लाइफ केयर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसी शाम उन्हें अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में हुई जांचों से डॉक्टरों को पता चला कि डॉ. भूटिया ब्रेन एनुरिज्म नामक गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि यह मस्तिष्क की नस का एक कमजोर हिस्सा होता है, जो अचानक फट जाने पर मस्तिष्क के भीतर भारी रक्तस्राव का कारण बनता है। प्रेजेंटेशन के दौरान उनकी यह नस अचानक फट गई थी, जिसके परिणामस्वरूप वे बेहोश हो गई थीं और उनका मस्तिष्क गहरे सदमे में चला गया था। उनकी स्थिति लगातार नाजुक बनी हुई थी और वे वेंटिलेटर पर थीं। सोमवार को उन्हें बेहतर उपचार के लिए मुंबई के मेदांता अस्पताल ले जाने के लिए एयर लिफ्ट करने की योजना बनाई गई थी। हालांकि, परिजनों की सहमति और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें इंदौर के ही मेदांता अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। दुर्भाग्यवश, तमाम प्रयासों के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। डॉ. त्सेरिंग भूटिया मूल रूप से सिक्किम की रहने वाली थीं और उनका परिवार बौद्ध धर्म का अनुयायी है। अस्पताल से उनके शव को एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। चूंकि शव को लंबी दूरी तय कर सिक्किम ले जाना है, इसलिए वहां एम्बाल्मिंग की प्रक्रिया की जा रही है। इस प्रक्रिया के माध्यम से पार्थिव शरीर को संरक्षित किया जाता है। प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात कुछ ही घंटों में उनका शव उनके गृह राज्य सिक्किम के लिए रवाना कर दिया जाएगा।

## एमपी ट्रांसको निमरानी के सहायक अभियंता प्रदीप पाटीदार ई-गवर्नेंस मेडल अवार्ड से सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 220 के.व्ही. सबस्टेशन निमरानी में पदस्थ सहायक अभियंता श्री प्रदीप पाटीदार को ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गत दिवस जबलपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि सहायक अभियंता श्री प्रदीप पाटीदार ने एमपी ट्रांसको में लागू की जा रही ट्रांसमिशन एसेट मैनेजमेंट प्रणाली (टेम्स) के क्रियान्वयन के दौरान उत्पन्न हो रही तकनीकी एवं व्यवहारिक कठिनाइयों के समाधान में विशेष रुचि एवं पहल की। उन्होंने मुख्यालय जबलपुर स्थित आई.टी. सेल के समन्वय से कंपनी के विभिन्न वृत्तों एवं संभागों के कार्मिकों को स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे इस महत्वपूर्ण परियोजना को अंतिम रूप देने में एमपी ट्रांसको को प्रभावी सहायता प्राप्त हुई। इस अवसर पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी एवं ट्रांसमिशन क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री नीलकंठ गजानन टिकेकर ने उन्हें एमपी ट्रांसको राज्यस्तरीय ई-गवर्नेंस मेडल, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि एमपी ट्रांसको ने कंपनी में डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ई-गवर्नेंस श्रेणी के अंतर्गत यह पुरस्कार प्रारम्भ किया है।

### राजा रघुवंशी मर्डर केस में बड़ा उलटफेर :

# अचानक दो आरोपी हुए रिहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के बहुचर्चित ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इस केस में आरोपी बनाए गए गार्ड बलवीर सिंह अहिरवार और बिल्डिंग मालिक लोकेंद्र सिंह तोमर को अदालत ने दोषमुक्त कर दिया है। सबूतों की कमी के कारण इन्हें रिहा करने का आदेश दिया गया है।**



पुलिस ने पहले इन्हें साक्ष्य मिटाने के आरोप में गिरफ्तार किया था, लेकिन मामले की गहन जांच में हत्याकांड से इनका कोई सीधा संबंध साबित नहीं हो पाया। पुलिस के अनुसार, राजा रघुवंशी की हत्या के बाद शुरुआती जांच में आशंका जताई गई थी कि आरोपियों ने सबूत छिपाने की कोशिश की है। इस आधार पर गिरफ्तारी की गई थी। जांच में यह पाया गया कि वारदात के बाद सोनम और विशाल चौहान लसूड़िया इलाके में स्थित एक बिल्डिंग में ठहरे थे। यह बिल्डिंग शिलाम जेम्स के नाम पर किराए पर ली गई थी और इसका प्रबंधन ब्रोकर के माध्यम से हो रहा था। संबंधित कमरे का रेंटल एग्रीमेंट विशाल के नाम पर होने के कारण शुरुआती संदेह बढ़ गया था। जांच में बिजली बिल, रेंटल डॉक्यूमेंट्स और अन्य तकनीकी पहलुओं की छानबीन की गई, लेकिन दोनों आरोपियों की संलिप्तता के कोई ठोस सबूत नहीं मिले। शिलॉन्ग की ईस्ट खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सिगम ने बताया कि प्रारंभिक परिस्थितियों और मौके पर मिली जानकारियों के आधार पर गिरफ्तारी की गई थी। बाद में जब साक्ष्यों की पुष्टि हुई तो हत्याकांड में उनकी भूमिका साबित नहीं हो सकी। इसी आधार पर न्यायालय ने दोनों को दोषमुक्त कर दिया। मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी और राज कुशवाहा फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और पुलिस अन्य पहलुओं की जांच जारी रखी हुई है।

## नगर निगम टैंकर की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे नगर निगम के टैंकर की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में टैंकर का पहिया बुजुर्ग के पैरों से गुजर गया, जिससे उनके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया है, हालांकि पुलिस ने टैंकर को जब्त कर लिया है। चालक की तलाश की जा रही है। आजाद नगर थाना पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना डेली कॉलेज के पास हुई। घायल की पहचान 85 वर्षीय सुंदरलाल पिता गंगादीन निवासी इदरीस नगर के रूप में हुई है। बताया गया कि सुंदरलाल रोज की तरह वॉकर लेकर पैदल घूमने निकले थे। वे घर से कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे, तभी नगर निगम के टैंकर ने उन्हें तेज रफ्तार और लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे के दौरान टैंकर का पहिया सुंदरलाल के पैरों से गुजर गया, जिससे उनके दोनों पैर कट गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## मशीन की चपेट में आने से फैक्ट्री ऑपरेटर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक रैक बनाने की फैक्ट्री में मंगलवार को काम के दौरान एक ऑपरेटर की मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। आजाद नगर पुलिस के अनुसार, मृतक लखन (20) पुत्र बंशीलाल अहिरवार, निवासी बाबूलाल नगर था। वह पालदा इलाके में स्थित श्री नरेश मैकेनिकल कंपनी में काम करता था। मंगलवार दोपहर काम के दौरान मशीन पर काम करते समय उसका ऊपरी शरीर झुक गया और वह कटर मशीन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोस्तों ने बताया कि लखन कुछ महीने पहले ही यूपी से इंदौर काम करने आया था। उसके परिवार में माता-पिता और एक भाई हैं।

# मध्य प्रदेश में धुंध ने थामी रफ्तार, 30 से ज्यादा जिलों में कोहरा, 10 से बारिश के संकेत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में सर्द मौसम ने एक बार फिर रफ्तार पर लगाम लगा दी है। प्रदेश का आधे से ज्यादा हिस्सा गुरुवार सुबह घने कोहरे की गिरफ्त में रहा। भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन सहित 30 से अधिक जिलों में विजिबिलिटी घटने से सड़कों पर हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। मौसम विभाग ने वाहन चालकों को बेहद सतर्क रहने और जरूरी होने पर ही सफर करने की सलाह दी है।बुधवार को दिनभर चली ठंडी हवाओं के कारण प्रदेश के ज्यादातर शहरों में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। ग्वालियर-चंबल अंचल में हालात सबसे ज्यादा गंभीर हैं, जहां दृश्यता 50 मीटर से भी कम रहने की आशंका है। ऐसे में सुबह के समय सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है।मौसम विभाग ने कोहरे में ड्राइविंग के दौरान धीमी गति से वाहन चलाने, फॉग लाइट के इस्तेमाल और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। शुक्रवार को भी कई जिलों में कोहरा छाए रहने का अलर्ट जारी किया गया है।

### इन जिलों में कोहरे का ज्यादा असर

भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर, राजगढ़, शाजापुर, आगर-मालवा, रतलाम, नीमच, मंदसौर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर में कोहरे की स्थिति बनी हुई है।

### अगले दो दिन का मौसम मिजाज

**6 फरवरीः** ग्वालियर-चंबल और विंध्य क्षेत्र के कई जिलों में घना कोहरा रहेगा, जबकि भोपाल, इंदौर समेत मध्य हिस्से में हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना है।

**7 फरवरीः** अधिकांश जिलों में कोहरा बना रहेगा, हालांकि बारिश का कोई अलर्ट नहीं है।

### मौसम क्यों बदल रहा है

उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते प्रदेश में बादल और ठंडी हवाएं बनी हुई हैं। पहाड़ों में बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में ठंडक बढ़ी है। वहीं, 8 फरवरी से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा, जिसका असर मध्य प्रदेश में भी दिखेगा। 10 फरवरी से मावठा गिरने के आसार हैं।

### ट्रेनें लेट, सड़क पर हादसे

घने कोहरे का असर रेल और सड़क यातायात पर भी साफ दिखा। दिल्ली से भोपाल, इंदौर और उज्जैन आने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें देरी से पहुंचीं। शाजापुर जिले में कोहरे के कारण कार-बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। विदिशा में सुबह हल्की बूंदाबांदी भी दर्ज की गई। हालांकि, रात के तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आई है। सबसे कम तापमान राजगढ़ में 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया, जबकि अन्य शहरों में पारा 10.2 से 16.2 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

---

#### मप्र में 5वीं-8वीं की बोर्ड तर्ज पर परीक्षा

## 20 फरवरी से इम्तिहान का आगाज, 25 लाख बच्चे देंगे परीक्षा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में पहली बार शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा पूरी तरह बोर्ड पैटर्न पर कराई जाएगी। परीक्षा की शुरुआत 20 फरवरी से होगी और 28 फरवरी तक प्रदेशभर में एक साथ परीक्षाएं चलेंगी। इसे लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस बड़ी परीक्षा व्यवस्था के लिए प्रदेश में 12 हजार 920 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 25 लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। शासकीय, निजी स्कूलों के साथ-साथ मदरसों के विद्यार्थी भी इस परीक्षा में शामिल होंगे।

### सरकारी-निजी और मदरसा सभी छात्र एक साथ परीक्षा में

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के मुताबिक सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस साल सरकारी, निजी स्कूलों और मदरसों के कुल 24 लाख 90 हजार से ज्यादा विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से पढ़ने वाले 522 निजी स्कूलों के करीब 20,736 विद्यार्थियों के लिए भाषा विषय का अलग प्रश्न पत्र तैयार किया गया है। बाकी विषयों के प्रश्न पत्र राज्य की पाठ्यपुस्तकों पर आधारित होंगे।

### ऑनलाइन पोर्टल से पूरी परीक्षा पर नजर

परीक्षा को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने एक खास आईटी पोर्टल तैयार किया है। इसी पोर्टल से छात्रों का सत्यापन, परीक्षा केंद्र तय करना, केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति, रोल नंबर और प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। उपस्थिति से लेकर मूल्यांकन और अंकसूची तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

### कोई छात्र परीक्षा से वंचित नहीं रहेगा

राज्य शिक्षा केंद्र ने साफ किया है कि हर पात्र विद्यार्थी को परीक्षा देने का मौका मिलेगा। यदि कोई छात्र किसी कारण से परीक्षा से पहले पंजीकरण नहीं करा पाया है, तो भी उसे परीक्षा में बैठने दिया जाएगा। ऐसे छात्रों की जानकारी परीक्षा के बाद दर्ज की जाएगी। इस परीक्षा में प्रदेश की 86 हजार से ज्यादा सरकारी, लगभग 24 हजार निजी शालाओं और 525 मदरसों के विद्यार्थी शामिल होंगे।

---

## धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों को मिली बड़ी राहत : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाताओं को समर्थ बनाना हमारी प्राथमिकता है। राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि किसानों को बगैर बाधा के उनकी उपज का पूरा मूल्य, समय पर मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खरीफ सीजन 2025-26 में 51.74 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उपार्जन हुआ। उपार्जन के आंकड़े नीतियों की सफलता दर्शाते हैं।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के लिए तकनीक आधारित भुगतान प्रणाली लागू की गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में धान उपार्जन की प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु और किसान-हितैषी बनाया गया है। इसके बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि खरीफ़ सीजन में धान (कॉमन) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 69 रुपए अधिक है। न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई यह वृद्धि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार का ठोस प्रयास है। पिछले खरीफ़ सीजन में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल था। गत सत्र में तय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 6 लाख 69 हजार 272 धान उत्पादक किसानों से कुल 43 लाख 52 हजार 905 मीट्रिक टन धान उपार्जित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खरीफ सत्र में प्रदेश में 8 लाख 59 हजार 822 धान उत्पादक किसानों का पंजीयन किया गया था। इनमें से 7 लाख 89 हजार 757 किसानों (करीब 92 प्रतिशत) ने स्लॉट बुक कर धान उपार्जन प्रक्रिया में भाग लिया। इन किसानों में से 7 लाख 62 हजार 620 किसान (89 प्रतिशत) धान विक्रेता के रूप में उपार्जन केंद्रों पर पहुंचे। इस वर्ष धान उपार्जन के लिए प्रदेश में 1,436 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए। इन केंद्रों के जरिए इस सीजन में 51 लाख 74 हजार 792 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया। उपार्जित धान में से 48 लाख 38 हजार 637 मीट्रिक टन से अधिक धान का परिवहन भी पूरा कर लिया गया है। परिवहन किए गए धान में से 46 लाख 30 हजार 21 मीट्रिक टन धान गुणवत्ता परीक्षण के उपरांत स्वीकार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस सीजन में उपार्जित धान के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य कुल 12 हजार 259 करोड़ रुपये आंकलित किया गया। इस आंकलित मूल्य में से करीब 11 हजार करोड़ रुपये किसानों के बैंक खातों में सीधे अंतरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उपार्जन मूल्य से किसानों को आर्थिक संबल मिला है और वे अगली फसल से जुड़े कार्यों की तैयारी भी बड़े आत्मविश्वास के साथ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा धान उपार्जन की संपूर्ण प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की गई, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें शासन की योजनाओं का पूरा लाभ भी समय पर प्राप्त हो सके।

---

## लेडी एसडीएम ने खुद ही बुलडोजर से गिराई अवैध कॉलोनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पांढुर्णा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के पांढुर्णा जिले में राजस्व विभाग ने जवाहर वार्ड में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की। कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई में एसडीएम ने खुद ही बुलडोजर पर चढ़कर सड़कें, बिजली के खंभे और दीवारें तोड़ दीं। जिसे देख मफियाओं के बीच खलबली मच गई। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में नियमों की विपरीत बन रही अवैध कॉलोनी में हो रहे निर्माणों को तुड़वाया। जानकारी के अनुसार जवाहर वार्ड वरूड़ रोड पर



प्रदीप नेहारे ने सवा एकड़ में अवैध कॉलोनी बनाकर प्लॉट बेचने शुरू कर दिए थे। अब तक यहां 9 से अधिक प्लॉटों का एग्रीमेंट होने की जानकारी मिली है। सूचना मिलने पर एसडीएम अलका एक्का और तहसीलदार विनयप्रकाश ठाकुर के साथ पटवारी और नगर पालिका के अमले ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जिसके बाद जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से लेआउट पर बने अवैध निर्माण तोड़े। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि अवैध कॉलोनी में प्लॉट न खरीदें। प्रशासन कभी भी इस तरह के प्लॉटो की रजिस्ट्रियों को निरस्त कर सकता है। कार्रवाई के दौरान पटवारी प्रमोद आमने, संजू धुर्वे, गगन सोनकुसरे, कोटवार योगेश देशभ्रतार और नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित थे। शहर के संतोषी माता वार्ड में पनप रही अवैध कॉलोनियों पर जल्द कार्रवाई होने जा रही है। एसडीएम अलका एक्का ने बताया कि कॉलोनियों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। तीन कॉलोनियों की जानकारी लेकर कार्वाई के लिये कलेक्ट्रेट भेजी गई है। एसडीएम अलका एक्का ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ही नहीं बल्कि अवैध कॉलोनाइजर और जमीन बेचने वालों पर भी आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे। प्रशासन के द्वारा कई बार नोटिस जारी किए गए, मगर प्लॉट बेचने वालों ने बात नहीं मानी। लोगों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध काम करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

### जमानत में देरी, न्याय में देरी: सुप्रीम कोर्ट की सख्त हिदायत

हाई कोर्ट में जमानत याचिकाओं के लंबे समय से पेंडिंग रहने को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सभी उच्च न्यायालयों से ऐसे मामलों की लंबित स्थिति पर रिपोर्ट तलब की है। सभी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया गया है कि वे 1 जनवरी 2025 के बाद दायर की गई सभी जमानत अर्जियों चाहे वे नियमित (रेगुलर) हों या अग्रिम (एंटीसिपेटरी) का ब्योरा पेश करें। इसमें याचिका दायर करने की तारीख, अगर फैसला हुआ है तो उसकी तारीख और अगली सुनवाई की तारीख का ब्योरा देने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर जनवरी 2025 से पहले दायर की गई जमानत याचिकाएं अब भी लंबित हैं तो उनका विवरण भी दिया जाना है। सजा निलंबन (सस्पेंशन ऑफ सेंटेंस) की मांग करने वाली लंबित याचिकाओं का विवरण भी इसमें शामिल किया जाएगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने यह निर्देश उस याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया, जो पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर एक जमानत याचिका में लगातार स्थगन (adjournments) दिए जाने के खिलाफ दाखिल की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत याचिकाओं के निपटारे में देरी कई HC में बार-बार सामने आने वाली समस्या बन चुकी है। पटना उच्च न्यायालय में तो जमानत मामलों की त्वरित सूचीबद्धता तक नहीं होती, जिसके कारण याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर कर पटना HC में जमानत अर्जियों की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कराने की मांग कर रहे है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर जनवरी 2025 से पहले दायर की गई जमानत याचिकाएं अब भी लंबित है तो उनका विवरण भी दिया जाना है। कोर्ट ने कहा कि सजा निलंबन की मांग करने वाली लंबित याचिकाओं का विवरण भी इसमें शामिल किया जाएगा। बेल अर्जी को लेकर दिए गए थे निर्देश पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने अन्ना वामन भालेराव बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में उच्च न्यायालयों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि जमानत मामलों का निपटारा याचिका दायर होने के दो महीने के भीतर किया जाए। हालांकि, यह भी कहा कि लिस्टिंग हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस का विशेषाधिकार है, क्योंकि वे मास्टर ऑफ रोस्टर होते हैं।

## धर्म-कर्म

# विजया एकादशी व्रत कब 13 या 14 फरवरी ?

## जानें तारीख, महत्व और पूजा विधि

विजया एकादशी का व्रत हर साल फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है। शास्त्रों में एकादशी व्रत को सर्वोत्तम माना गया है। क्योंकि, यह इकलौता ऐसा व्रत है जिसका पुण्य आप किसी दूसरे व्यक्ति को भी दान कर सकते हैं। साथ ही इस व्रत को करने वालों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। विजया एकादशी का व्रत 13 फरवरी को किया जाएगा। मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने और भगवान के मंत्रों का जप करने से जीवन में आ रही कठिनाइयां दूर होती हैं। साथ ही सफलता का रास्ता आसान हो जाता है।



### तब है विजया एकादशी 2026 का व्रत ?

विजया एकादशी तिथि का आरंभ 12 फरवरी को दोपहर में 12 बजकर 23 मिनट पर आरंभ होगी और 13 तारीख को 2 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगी। शास्त्रीय विधान के अनुसार, 13 फरवरी को ही विजया एकादशी का व्रत किया जाएगा। बता दें कि जब भी एकादशी तिथि सूर्योदय के समय लगती है तब विजया एकादशी का व्रत किया जाता है। इसलिए विजया एकादशी का व्रत 13 फरवरी को ही करना शास्त्र सम्मत है।

### विजया एकादशी 2026 पारण का समय

एकादशी व्रत का पारण द्वादशी तिथि में किया जाता है। 14 फरवरी को द्वादशी तिथि शाम में 4 बजे तक रहेगी। वहीं, पारण का समय सुबह में 9 बजे से 9 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। विजया एकादशी व्रत का पारण 14 तारीख को सुबह में 9 बजे से 9 बजकर 30 मिनट तक कर लेना ही उत्तम रहेगा।

### विजया एकादशी व्रत का महत्व

ऐसी मान्यता है कि विजया एकादशी का व्रत भगवान राम ने भी किया था। जब भगवान राम लंका के रास्ते पर थे उस समय समुद्र के तट पर अपनी सेना के साथ मिलकर भगवान राम ने विजया एकादशी का व्रत किया था। तभी से इस एकादशी का नाम विजया एकादशी पड़ा।

### विजया एकादशी पूजा विधि

1) विजया एकादशी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें।
2) इसके बाद भगवान विष्णु का ध्यान करें और की प्रतिमा स्थापित करें।
3) इसके बाद सबसे पहले भगवान विष्णु को चंदन लगाएं और वस्त्र अर्पित करें।
4) अब भगवान को पीले रंग की चीजों का भोग लगाएं उन्हें पीली मिठाई और गुड़ चने का भोग लगाए।
5) इसके बाद भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए उनके मंत्रों का जप करें।
6) विजया एकादशी व्रत कथा का पाठ करें और फिर आरती करें।
7) अंत में सभी को प्रसाद दें।

# घर में इस जगह रखा कूड़ेदान खड़ी कर सकता है मुसीबत, मां लक्ष्मी और देवी अन्नपूर्णा हो जाएंगी नाराज



वास्तुशास्त्र में घर की साफ-सफाई को बहुत अधिक महत्व दिया गया है। यही वजह है कि, घर में हर सामान को रखने के लिए सही दिशा और स्थान बताया गया है। वास्तुशास्त्र के नियमों में की गई छोटी सी भी लापरवाही आपके लिए परेशानी का कारण बन सकती है। घर में रखे कूड़ेदान को भी वास्तु शास्त्र में महत्वपूर्ण माना जाता है। कूड़ेदान घर की गंदगी और बेकार की चीजों को रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है और इसका संबंध राहु से माना जाता है। ऐसे में घर में गलत जगह पर रखा कूड़ेदान राहु के प्रतिकूल प्रभाव को बढ़ा सकता है। ऐसे में आपके परिवार में कुछ न कुछ परेशानी बनी रह सकती है। इसका सीधा असर आपके आर्थिक जीवन पर भी पड़ सकता है और पैसों से जुड़ी समस्याएं जीवन में आ सकती हैं। आइए जानते हैं कि, घर में कूड़ेदान रखने के क्या नियम है बताए गए हैं वास्तु शास्त्र में।

### किचन में कूड़ेदान रखने से बचें

वास्तु शास्त्र में कूड़ेदान को नकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने वाला माना जाता है। आम तौर पर लोग अपने किचन में कूड़ेदान रखने की बड़ी गलती करते हैं। घर की रसोई में मां अन्नपूर्णा का वास माना जाता है। ऐसे में कूड़ेदान को घर की रसोई में रखने से मां नाराज हो सकती हैं और आपको आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

### मंदिर में न रखें कूड़ेदान

घर में मंदिर को सबसे शुभ स्थान माना जाता है। यहीं पर सबसे अधिक सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव होता है। ऐसे में मंदिर वाले कमरे में रखा गया कूड़ेदान सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर सकता है। इसे आपकी आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। इससे आपको धन हानि भी हो सकती है।

### घर में मेन गेट पर न रखें कूड़ेदान

घर के मेन गेट पर आपको भूलकर भी कूड़ेदान नहीं रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में माना गया है कि घर के मुख्य द्वार से मां लक्ष्मी का प्रवेश होता है। यहां रखा कूड़ेदान नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने का काम करता है। ऐसा करने से आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

### इस दिशाओं में न रखें कूड़ेदान

वास्तु शास्त्र में घर की दिशाओं को भी महत्व दिया गया है। घर की उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम दिशा में कूड़ेदान रखने से बचना चाहिए। इस दिशा से घर में सकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है। ऐसे में उत्तर पूर्व दिशा में रखा कूड़ेदान आपके पारिवारिक जीवन पर गहरा असर डाल सकता है। इसके नकारात्मक प्रभाव से पति-पत्नी के बीच झगड़े और तनाव बढ़ सकता है।

### घर में कहां रखे कूड़ेदान

घर की दक्षिण या दक्षिण पश्चिम दिशा को कूड़ेदान रखने के लिए सही माना जाता है। वास्तु के अनुसार, इस दिशा से घर की नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकलती है। ऐसे में कूड़ेदान के लिए सबसे सही जगह दक्षिण या दक्षिण पश्चिम दिशा को माना जाता है। इस बात का ख्याल रखें कि कूड़ेदान में ढक्कन जरूर लगा हो।

New Delhi

# कांग्रेस के सीएम हिमंत पर 12000 बीघा जमीन कब्जाने के आरोप, भजपा ने रॉबर्ट वाड्रा का नाम लेकर किया रिप्लाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उनके परिवार ने पूरे राज्य में लगभग 12,000 बीघा (3,960 एकड़ से अधिक) जमीन पर कब्जा किया हुआ है। इन आरोपों को लेकर सीएम सरमा ने कहा है कि वह कांग्रेस के बड़े नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करेंगे। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने रॉबर्ट वाड्रा का जिक्र किया और मुख्यमंत्री पर लगे आरोपों को खंडन किया है।

गोगोई ने यहां प्रेसवार्ता में यह भी दावा किया कि सरमा ने इसी भूमि घोटाले को 'छिपाने' के लिए उनके (गोगोई के) कथित पाकिस्तानी संबंधों का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने जांच की है और इससे कुछ चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने पूरे असम में लगभग 12,000 बीघा जमीन पर कब्जा किया हुआ है। यह आंकड़ा अंतिम नहीं है, क्योंकि जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में यह बढ़ सकता है।'



सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं आज संवाददाता सम्मेलन में मेरे बारे में दिए गए झूठे, मनगढ़ंत और मानहानिकारक बयानों के लिए नौ फरवरी को जितेंद्र सिंह, भूपेश बघेल, गौरव गोगोई और देबब्रत सैकिया के खिलाफ दीवानी और फौजदारी मानहानि कार्यवाही शुरू करूंगा।'

इन आरोपों का जवाब देते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता रंजीब कुमार सरमा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि गोगोई के दावों में कोई सच्चाई नहीं है।

Uttarpradesh

## स्कूटी से छह किमी पीछा कर पुलिस ने सपा नेता को पकड़ा, इलाके में जुलूस भी निकाला, क्या आरोप



**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर में घाटमपुर थाना क्षेत्र में कई आरोपों में घिसे सपा नेता आमिर जैदी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही आमिर फरार होने लगा, लेकिन इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने स्कूटी से करीब छह किलोमीटर तक पीछा कर उसे दबोच लिया। पकड़ने के बाद सपा नेता का जुलूस भी निकाला। पुलिस के अनुसार एक युवती ने आमिर पर दुष्कर्म और धर्मांतरण के दबाव के मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2013 में पिता के निधन के बाद आमिर जैदी ने उसे प्रेमजाल में फंसाया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। इसके बाद वह लगातार उसके साथ गलत कार्य करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बीते वर्ष सितंबर में जब परिजनों ने उसकी शादी तय की, तो आमिर ने अपने सहयोगियों शनि उर्फ सनी अब्बास, रिजवी और राजा उर्फ अख्तर अंसारी के साथ मिलकर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। आरोपी उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव भी बनाने लगा। पीड़िता के अनुसार, मना करने पर आमिर ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उसकी फोटो और वीडियो उसके होने वाले ससुराल पक्ष को भेजना शुरू कर दिए।

Uttarpradesh

## एक ही कुत्ते ने दो घंटे में 11 लोगों को काटा, बच्ची का गाल नोंचकर किया गंभीर रूप से घायल, रेफर

**बाराबंकी, (एजेंसी)** यूपी में बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र में करीब दो घंटे में एक पागल कुत्ते ने 11 लोगों को काट लिया। उसके रास्ते पर जो भी मिला उसे काटता रहा। एक के बाद एक कर के 11 लोगों को निशाना बनाया। कोठी क्षेत्र की बच्ची के गाल को कुत्ते ने नोंच लिया है। गहरा घाव होने के कारण बच्ची को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पागल कुत्ते के काटने से इलाके में हड़कंप मचा रहा। लोगों ने इन कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की।

हैदरगढ़ कस्बे में बुधवार की शाम कहीं से आवारा पागल कुत्ता पहुंच गया था। कुत्ते ने हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर रेलवे क्रासिंग पर अपने घर मालिनपुर से हैदरगढ़ आ रहे बाइक सवार अंकुश (22) के पैर में काट लिया। उन्होंने पैर झटक कर उससे छुड़ाया। इसके बाद कुत्ता हैदरगढ़ कस्बे में सड़क पार कर रहे लिल्हौरा वार्ड निवासी कुंदन कुमार (21) एवं इसके आगे बिमला देवी (35) को नोंच डाला।

मुख्य चौराहे के समीप स्थित रनापुर गांव निवासी दयाशंकर मिश्र (55) बस स्टेशन अपनी पान की दुकान पर पैदल जा रहे थे।

Maharashtra

## चलते-फिरते 'बम' हैं हाइड्रोजन गुब्बारे... मुंबई में लिफ्ट के अंदर ऐसे हुआ खतरनाक हादसा

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में मुंबई के गोरेगांव इलाके से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां की 'अनमोल टॉवर' नाम की इमारत की लिफ्ट में हाइड्रोजन गैस से भरे गुब्बारों के की वजह से भीषण विस्फोट हो गया. यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कुछ लोग पार्टी की सजावट के लिए गुब्बारे लेकर लिफ्ट के जरिए ऊपर जा रहे थे.

इस पूरी घटना का दिल दहला देने वाला वीडियो सीसीटीवी (CCTV) में कैद हो गया है. हादसे के दौरान लिफ्ट में मौजूद तीनो लोग मामूली रूप से घायल हो गए. घटना 2 फरवरी की रात की है. जानकारी के मुताबिक, इमारत में एक जन्मदिन की पार्टी के लिए सजावट का काम चल रहा था. एक डेकोरेटर हाइड्रोजन गैस से भरे गुब्बारों का गुच्छा लेकर लिफ्ट में सवार हुआ. लिफ्ट में पहले एक महिला अंदर जाती है, फिर गुब्बारा लेकर एक शख्स लिफ्ट में आता है. उसके बाद एक और शख्स जैसे ही अंदर आता है. इससे पहले कि लिफ्ट चलती, तेज धमाके के साथ गुब्बारा फट जाता है और लिफ्ट के अंदर आग का गोला बन गया और धुंआ छा गया. धमाका इतना तेज था कि लिफ्ट के अंदर मौजूद तीनो लोग झुलस गए.



खेल

# ईशान किशन ने बल्लेबाजों में लगाई 32 स्थानों की छलांग, यह पाकिस्तानी बना नंबर-एक ऑलराउंडर

**दुबई, (एजेंसी)** भारत के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। वह आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों में 32 स्थानों की छलांग लगाकर 32वें पायदान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज ईशान की कमबैक सीरीज थी और उसमें उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं, पाकिस्तान के सैम अयूब टी20 के नंबर एक ऑलराउंडर बन गए हैं। अयूब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतरीन फॉर्म में दिखे हैं।

ईशान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की। वह चार मैचों में खेले और 8, 76, 28 और 103 रन की पारियां खेलीं। शीर्ष क्रम में उनके तूफानी फॉर्म की वजह से भारत ने टी20 विश्व कप से पहले अपनी आखिरी सीरीज में 4-1 से जीत हासिल की। टी20 के शीर्ष-10 बल्लेबाजों की रैंकिंग में हल्का फेरबदल हुआ है। अभिषेक शर्मा शीर्ष पर कायम हैं। उनके 917 रेटिंग अंक हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के फिल सॉल्ट (834) से काफी ज्यादा हैं।




वहीं, इंग्लैंड के जोस बटलर ने एक स्थान की छलांग लगाई और तीसरे स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका के ओपनर पथुम निसांका एक पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें और सूर्यकुमार यादव भी एक पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। तिलक वर्मा को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज नहीं खेलने का नुकसान हुआ। वह एक स्थान के नुकसान के साथ तीसरे से चौथे पायदान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान दो स्थान के नुकसान के साथ सातवें स्थान पर पहुंचे। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट एक स्थान के फायदे के साथ नौवें और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श एक स्थान के नुकसान के साथ 10वें पायदान पर पहुंच गए। ट्रेविस हेड आठवें स्थान पर काबिज हैं।

टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में इस समय टॉप-11 के भीतर सात अलग-अलग देशों के खिलाड़ी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन 42 स्थानों की छलांग के साथ 40वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन 16 स्थानों की छलांग के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक 15 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 22वें स्थान पर पहुंच गए।

पाकिस्तान के युवा ओपनर सैम अयूब ने आईसीसी पुरुष टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में फिर से नंबर-एक स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने यह मुकाम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद पाया। पाकिस्तान ने इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का 3-0 से सूपड़ा साफ किया, जिसके बाद अयूब ने जिम्बाब्वे के अनुभवी सिकंदर रजा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान पर वापसी की। 23 वर्षीय सैम अयूब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 119 रन बनाए और तीन विकेट भी झटके।

सिनेमा

## 'वड़ा पाव गर्ल' का चल रहा एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर? पति ने दी धमकी, कहा- दुकान पर दिखा तो टांग तोड़ दूंगा



वड़ा पाव गर्ल यानी चंद्रिका दीक्षित की पर्सनल लाइफ में भूचाल आया हुआ है. पति-पत्नी के झगड़े पब्लिक हो चुके हैं. चंद्रिका ने पति पर चीटिंग का आरोप लगाया है. वो एक वीडियो में रोते बिलखते हुए दिखी थीं. चंद्रिका का कहना है वो घर, बच्चा, दुकान सब संभाल रही हैं, लेकिन उनका पति किसी और के साथ है. इन आरोपों पर उनके पति युगम गेरा का भी रिएक्शन आया है. उनका कहना है वो भी चंद्रिका के खिलाफ बहुत कुछ कह सकते हैं, उनके पास भी सबूत हैं. दोनों जिस तरह से एक दूसरे पर आरोप मढ़ रहे हैं, उसमें एक नया ट्विस्ट आया है. चंद्रिका के पति का कहना है उनकी ही बदौलत वो लाइफ में कुछ कर पाई हैं. दिल्ली में वड़ा पाव की दुकान भी उनकी ही वजह से चंद्रिका खोल पाईं. बात इस कदर आगे बढ़ी है कि दोनों दुकान को लेकर लड़ रहे हैं. युगम का कहना है वो चंद्रिका को किसी भी हाल में ये दुकान नहीं देंगे. बीती रात युगम ने एक वीडियो शेयर कर कहा- मैं अपनी दुकान पर आ चुका हूं. मैं ये वीडियो चंद्रिका के इंस्टा पेज पर इसलिए डाल रहा हूं क्योंकि उसका एक्सेस अभी मेरे पास है. ये वीडियो कभी भी डिलीट हो सकता है. आप सभी को एक बात बता दूं कि चंद्रिका तू मुझसे इस दुकान का एक्सेस कभी नहीं ले पाएगी.

## Highlights

1. Industrialist stuck in Mumbai-Pune Expressway traffic jam for 8 hours takes helicopter
2. IndiGo captain reveals former Navy chief father mid-flight
3. Seven-year-old girl cares for sick father in China hospital
4. Two killed as Ukrainian drone hits home in Russia
5. Shashi Tharoor's son Ishaan among 300 laid off by The Washington Post

# Silver down 16%, gold drops 3.5% as volatility grips precious metals



**NEW DEIHI, (Agency).** Silver fell sharply, erasing a two-day recovery, as the white metal struggled to find a price floor following a historic market rout. Gold also declined.

Spot silver tumbled as much as 16.6% on Thursday, having briefly recovered above $90 an ounce in early Asian trading. Meanwhile, spot gold dropped as much as 3.5% in choppy trading.

Silver plunged 12.7% to $76.9495 an ounce as of 11:18 am in Singapore. Spot gold was 2.1% lower at $4,859.20 an ounce. Platinum and palladium fell. The Bloomberg Dollar Spot Index rose 0.1%.

"Sentiment seems to have turned soggy across most asset classes, including regional equities and metals," said Christopher Wong, a strategist at Oversea-Chinese Banking Corp Ltd. "This underscores fragile sentiment" and has created "a feedback loop amid thin market liquidity," he said.

Precious metals soared last month in a rally underpinned by speculative momentum, geopolitical upheaval and concerns about the US central bank's independence. The surge came to a sudden halt at the end of last week, with silver seeing its biggest ever daily drop on Friday and gold plunging the most since 2013. Markets are weighing the policy implications of Kevin Warsh's nomination as Federal Reserve chair, with President Donald Trump saying Wednesday he would not have nominated him for the role had he expressed a desire to hike interest rates. Trump said in an NBC News interview there was "not much" doubt the Fed would lower rates again — a tailwind for precious metals, which don't pay interest.

# RBI may pivot to buying dollars to build forex reserves, analysts say

**NEW DEIHI, (Agency).** The rupee's biggest rally in seven years will give Reserve Bank of India scope to rebuild its forex reserves, potentially limiting further gains after the boost from the India-US trade deal, according to some analysts. Barclays Bank Plc and Nomura Holdings Inc. are among those predicting that RBI will



use the recovery in the rupee to buy dollars. They recommend shorting the rupee—Nomura sees it at 94 to a dollar by May, while Barclays is targeting that level via a three-month offshore position. The rupee was down 0.1% to 90.40 against the dollar on Wednesday, following a 1.4% advance on Tuesday when a US tariff cut helped it rebound from Asia's worst performer last month to be the region's top gainer. While RBI has used dollars to bolster its forex reserves in the past, Governor Sanjay Malhotra's is less predictable on his strategy than his predecessor, making the currency's recovery harder to gauge. It may not be a "completely smooth sailing for the rupee," said Joey Chew, head of Asia FX research at HSBC Holdings Plc. The RBI's FX policy could complicate things as it "has been intervening in a rather unpredictable way over the past few months to prevent one-sided speculative positioning" in the rupee.

# पूर्व पार्षद अनवर कादरी को हाईकोर्ट से जमानत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लव जिहाद के लिए फंडिंग करने और एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामलों के आरोपी वार्ड-58 से कांग्रेस पार्षद रहे अनवर कादरी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जिला कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद कादरी ने हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसे बुधवार 4 फरवरी को मंजूर कर लिया गया।**



जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की बेंच ने सुनवाई के बाद याचिका स्वीकार की है। हालांकि जमानत का औपचारिक आदेश आना अभी बाकी है। यह मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है। जून 2025 में एक युवती ने साहिल शेख और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। युवती का आरोप था कि साहिल ने प्रेम जाल में फंसाकर उसका शारीरिक शोषण किया और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। बुर्का पहनने के लिए भी मजबूर किया गया। जांच के दौरान साहिल शेख ने बयान दिया कि इस तरह के मामलों के लिए अनवर कादरी के जरिए दो लाख रुपए की फंडिंग की जाती थी। इसके बाद पुलिस ने कादरी को मुख्य आरोपी बनाते हुए विभिन्न गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। केस दर्ज होने के बाद अनवर कादरी फरार हो गया था। लंबे समय बाद उसने कोर्ट में सरेंडर किया, जिसके बाद से वह जेल में बंद था। अनवर कादरी पर एक-दो नहीं, बल्कि एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें डकैती सहित कई गंभीर अपराध शामिल हैं। डकैती के मामलों के चलते ही उसकी पहचान 'अनवर डकैत' के नाम से बनी।

## 7वीं कक्षा की छात्रा ने किया सुसाइड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर में रहने वाली 7वीं कक्षा की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेली थी। शाम को जब पिता घर पहुंचे तो उन्होंने बेटी को फंदे पर लटका हुआ देखा। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। आजाद नगर पुलिस के अनुसार, कृष्णापुरी कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय प्राची ने अपने घर में फांसी लगाई। उसके पिता धर्मेंद्र ने बताया कि मंगलवार शाम को मैं घर पहुंचा था। उस समय दो छोटे बच्चे स्कूल से लौटने के बाद होटल चले गए थे। जब मैंने घर का गेट खोला तो अंदर प्राची फंदे पर लटकी हुई मिली। प्राची करीब एक महीने से तबीयत खराब होने के कारण स्कूल नहीं जा रही थी। दो दिन पहले ही उसने दोबारा स्कूल जाना शुरू किया था। आशंका है कि बीमारी या पढ़ाई के तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया हो। प्राची के पिता चाय-नाश्ते की होटल संचालित करते हैं। प्राची का एक भाई और एक बहन है। पुलिस के मुताबिक, कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मामले की जांच जारी है। दूसरी ओर, छत्रीपुरा इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग ने भी जहर खाकर जान दे दी। मंगलवार शाम उन्हें बेसुध हालत में एमवाय अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान रामजीवन (50) पिता रामनारायण, निवासी पंचमूर्ति नगर के रूप में हुई है। वह एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करते थे। मंगलवार को उन्होंने जहर खा लिया था। परिजनों ने बताया कि उनसे काम नहीं हो पा रहा था, जिस कारण वे तनाव में रहते थे। उनकी तीन बेटियां हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। काम और पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर वे परेशान थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार की टक्कर से घायल शख्स की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि उसके दोस्त को मामूली चोटें आई हैं। यह हादसा 1 फरवरी की रात को हुआ था। लसूडिया पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान नीरज (47) पुत्र सुखनंद जैन, निवासी बजरंग नगर के रूप में हुई। हादसे में उनका दोस्त विक्की उर्फ विक्रम घायल हुआ है। परिजनों ने बताया कि 1 फरवरी की रात दोनों बाइक से लसूडिया थाने गए थे। रात करीब 12 बजे के बाद जब वे थाने से निकलकर घर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। हादसे में नीरज के सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन मंगलवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद से नीरज को होश नहीं आया था। नीरज के परिवार में माता-पिता और एक बेटा है। वे एक निजी कंपनी में काम करते थे। पुलिस टक्कर मारने वाले कार चालक की तलाश कर रही है।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक